SECOND TERM SUMMATIVE ASSESSMENT 2026-27

ANSWER KEY / SCORING INDICATORS

हिंदी (HINDI)

Std: X SET 2 **Score: 40**

For teachers **Time: 90 Minutes**

अध्यापकों के लिए: ये उत्तर-संकेत हैं। छात्रों के अपने शब्दों में लिखे उचित उत्तर स्वीकार करें। व्यवहार रूपों में आशय, क्रमबद्धता, भाषा और रूप-रेखा को ध्यान में रखकर अंक दें।

1. (ख) गैलीलियो सच को प्रयोग से परखना चाहता था। (1)

2. इटली का जिज्ञासु गैलीलियो नए-नए प्रयोग करता था। (एक-एक शब्द के सही प्रयोग के लिए 1 अंक) (3)

3. टिप्पणी: गैलीलियो बचपन से ही जिज्ञासु था। वह किसी भी बात को बिना परखे नहीं मानता था; प्रयोग और निरीक्षण में उसका विश्वास था। लोगों के विरोध और नाराज़गी के बावजूद वह निडर होकर सच कहता रहा। वह सच्चा वैज्ञानिक और सत्य का खोजी था। (संकेतों का उचित विस्तार) (4)

अथवा – प्रश्नावली (कोई पाँच उचित प्रश्न): आपको विज्ञान में रुचि कैसे हुई? आप पुरानी मान्यताओं को क्यों नहीं मानते? आपकी सबसे प्रिय खोज कौन-सी है? लोगों के विरोध का सामना आपने कैसे किया? आपके पिता ने आपकी कैसे मदद की? विद्यार्थियों को आप क्या संदेश देना चाहेंगे?

4. (ग) चैन से (शांत) (1)

5. कवि झिझक उठा और बेचैन हो गया; उसकी आँख लाल होकर दुखने लगी; उसका सारा घमंड दूर हो गया। (2)

6. राजा राम भूखा, थका और बीमार दिखाई दे रहा था; लेखिका को उस पर दया आई, इसलिए उसने खाने के लिए अतिरिक्त पैसे दिए। (2)

7. डायरी (लेखिका की): तिथि; आधी रात का सफ़र; राजा राम का दुबला चेहरा, धँसी आँखें; उसकी भूख और गरीबी देखकर मन का दुखी होना; उसकी मुस्कान और विनम्रता की प्रशंसा; शहर में ऐसे लोगों के कठिन जीवन पर विचार; उनकी मदद करने का संकल्प। (भाव, भाषा, रूप-रेखा) (4)

अथवा – डायरी (राजा राम की): तिथि; दिन-रात का काम, भूख और थकान; लेखिका का अच्छा व्यवहार और अतिरिक्त पैसे; उससे मिली खुशी; परिवार की याद; कल फिर मेहनत करने का निश्चय।

8. (क) केशव के लिए (1)

(ख) दोस्त बात सुनेंगे। (1)

9. उन्होंने तय किया कि वे रोज़ शाम केशव के घर जाकर उसे स्कूल की बातें बताएँगे। इससे पता चलता है कि वे सच्चे दोस्त हैं, केशव से प्यार करते हैं और उसकी मदद करना चाहते हैं। (2)

10. वार्तालाप: केशव और दोस्तों के बीच कम से कम पाँच-छह उचित संवाद – हालचाल पूछना, स्कूल की बातें, पढ़ाई में मदद, खेल की योजना, खुशी व्यक्त करना। (संवाद की स्वाभाविकता, भाषा) (4)

11. (ख) घृणा (1)

12. वह अपने पैरों के भरोसे, धीमे पर बिना शिकायत अपनी राह चलता रहता है – वह आत्मनिर्भर, धैर्यवान और स्वाभिमानी है। (2)

13. आशय: कविता में शहर की तेज़ रफ़्तार ज़िंदगी और पैदल चलने वाले साधारण आदमी का चित्र है। गाड़ियों में बैठे लोग उसे हिकारत से देखते हैं, मानो वह किसी और दुनिया का हो; फिर भी वह धैर्य और आत्मविश्वास से चलता रहता है। कवि अमीर और गरीब के बीच बढ़ती दूरी पर व्यंग्य करता है और साधारण मनुष्य की मेहनत तथा सम्मान का समर्थन करता है। (भाव, संदेश, भाषा) (4)

अथवा – टिप्पणी: पैसा या गाड़ी किसी को बड़ा नहीं बनाती; पैदल चलने वाला आदमी भी समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा है; उसकी मेहनत से शहर चलता है; सबके साथ समान व्यवहार ज़रूरी है; उचित निष्कर्ष।

www.educationobserver.com

14. (ग) i और iii सही हैं (1)

15. बसीकरन – वशीकरण; चहुँ ओर – चारों ओर (2)

16. उचित शीर्षक, जैसे – केरल पिरवी दिवस / मातृभाषा पर गर्व (1)

17. रिपोर्ट: शीर्षक; स्थान और तिथि; आयोजक; कार्यक्रम का विषय – 'मेरी भाषा, मेरी पहचान'; उद्घाटन/मुख्य अतिथि; भाषण, कविता-पाठ, सांस्कृतिक कार्यक्रम; छात्रों की भागीदारी; कार्यक्रम का संदेश। (समाचार की रूप-रेखा, भाषा) (4)

www.educationobserver.com